1166/वनभूमि
10/08/21

:: आदेश ::

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, पुरोला ने अपने पत्र संख्या 953/वनभूमि/ दिनांक 24 जुलाई 2021 के द्वारा विकासखण्ड मोरी में मियाँगाड से कुनारा तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय के पत्र संख्या 8B/UCP/06/157/221/FC/274 दिनांक 07 जुलाई 2021 के द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त होने के फलस्वरूप सैद्धांतिक स्वीकृति की शर्त संख्या 03 के अनुपालन में प्रभावित होने वाली 23.8175 है0 भूमि के सापेक्ष तहसील मोरी के मौजा कुनारा मध्ये पूर्व में चयनित दोगुनी भूमि रक्वा 5.634 है0 वन विभाग के नाम हस्तांतरित/नामंततरित करने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में भूमि चयन हेतु उप जिलाधिकारी पुरोला द्वारा अपनी आख्या पत्र संख्या 871/आ0ले0-विविध पत्रा0/2018 दिनांक 11 सितम्बर 2018 द्वारा तहसीलदार मोरी की आख्या को संस्तुति सहित अग्रसारित करते हुए तहसील मोरी के ग्राम कुनारा में उत्तराखण्ड सरकार के स्वामित्व की वर्ग 9(3)ङ में दर्ज ख0सं0 1/2.382है0, 2/1.714है0, 3/1.254है0 एवं 4म./0.284 कुल रक्वा 5.634 है0 भूमि का प्रस्ताव क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रेषित किया गया है।

अतः शासनादेश संख्या 397/2012 दिनांक 29 फरवरी 2012 में दिये गये प्राविधानों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी, पुरोला/तहसीलदार मोरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार तथा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, पुरोला के अनुरोध पर विकासखण्ड मोरी में मियाँगाड से कुनारा तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु ग्राम कुनारा में उत्तरारखण्ड सरकार के स्वामित्व की वर्ग नान-जेड-ए खतौनी खाता संख्या 14 में उत्तराखण्ड सरकार के नाम वर्ग 9(3)ङ में दर्ज भूमि ख0सं0 1/2.382है0, 2/1.714है0, 3/1.254है0 एवं 4म./0.284 कुल रक्वा 5.634 है0 भूमि क्षतिपूकर वृषारोपण के लिए प्रभागीय वनाधिकारी, टौंस वन प्रभाग, पुरोला के नाम हस्तांतरित किये जाने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

ह0-

दिनांकः- 04-08-2021

( मयूर दीक्षित )
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी ।

EE/Amin

(1)

कार्यालय जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

संख्या 6578 /~~नौ-ग्यारह~~ ग्यारह-विविध /2019-20

दिनांक 07 अगस्त, 2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. प्रभागीय वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला, उत्तरकाशी ।
2. उप जिलाधिकारी, पुरोला ।
3. तहसीलदार मोरी ।
4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण, विभाग, पुरोला ।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी ।
7/8/21

17/8/21